भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1427

उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2026

20 माघ, 1947 (शक)

प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने संबंधी टास्क फोर्स की रिपोर्ट

1427. श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल:
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः
श्री महेंद्र सिंह सोलंकी :
श्री दामोदर अग्रवाल:
श्री बिभु प्रसाद तराई:
श्री भोजराज नागः
श्रीमती संजना जाटव:
डॉ. संजय जायसवाल:
श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः
श्री गोडम नागेश:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए एक एकीकृत ढांचे के संबंध में टास्क फोर्स की प्रमुख सिफारिशों का ब्यौरा क्या है, जिसे सरकार द्वारा कोच शिक्षा और प्रत्यायन को मजबूत करने के लिए गठित किया गया था, जिसमें तेलंगाना, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों, विशेष रूप से देवास-शाजापुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए इन सिफारिशों की प्रासंगिकता भी शामिल है;

(ख) राष्ट्रीय कोच प्रत्यायन बोर्ड (एनसीएबी) की स्थापना का प्रस्ताव और राष्ट्रीय मानक निर्धारण में इसकी परिकल्पना की गई भूमिका क्या है,

(ग) जमीनी स्तर से लेकर विशिष्ट स्तर तक एक मानकीकृत राष्ट्रीय प्रशिक्षण पथ को लागू करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है, जिसमें तेलंगाना के लिए निर्धारित की गई पहले शामिल हैं; और

(घ) देश में खेल प्रशिक्षण को पेशेवर बनाने के लिए उक्त सिफारिशों को लागू करने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) भारत में कोचिंग इकोसिस्टम के विकास हेतु एकीकृत ढ़ाचें पर गठित टास्क फोर्स ने मंत्रालय को प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में कोच शिक्षा और प्रत्यायन के लिए एकीकृत राष्ट्रीय ढ़ांचा बनाने, कोचिंग पाठ्यक्रमों के मानकीकरण, जमीनी स्तर से लेकर उत्कृष्टता स्तर तक बहु-स्तरीय राष्ट्रीय कोचिंग मार्ग की शुरूआत, अभ्यास-उन्मुख प्रशिक्षण मॉडल को अपनाने, कोचों के लिए अनिवार्य लाइसेंसिंग एवं सतत् व्यावसायिक विकास (सीपीडी), कोचिंग योग्यताओं का राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढ़ांचे (एनएसक्यूएफ) तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के साथ एकीकरण, प्रदर्शन-आधारित मूल्यांकन तंत्र का प्रावधान, कोचों हेतु प्रोत्साहन संरचनाएं तैयार करना तथा कोचिंग में नैतिकता, सुरक्षा एवं समावेशिता को सुदृढ़ करने की सिफारिश की है। ये अनुशंसाएँ तेलंगाना और मध्य प्रदेश सहित देशभर में समान रूप से लागू किए जाने हेतु अभिप्रेत हैं और सभी राज्यों के लिए प्रासंगिक हैं।

(ख) टास्क फोर्स ने राष्ट्रीय कोच प्रत्यायन बोर्ड (एनसीएबी) की स्थापना की सिफारिश की है, जो एक शीर्ष प्राधिकरण के रूप में कार्य करेगा और कोच शिक्षा और प्रत्यायन के लिए राष्ट्रीय मानक निर्धारित करने, कोचिंग मार्गों को अनुमोदित एवं निगरानी करने, कोच शिक्षा संस्थानों को मान्यता प्रदान करने, विभिन्न खेलों में एकीकृत मूल पाठ्यक्रम तैयार करने, कोचों के लाइसेंसिंग एवं नवीकरण की देखरेख करने तथा गुणवत्ता आश्वासन एवं एनएसक्यूएफ और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के साथ तालमेल सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(ग) टास्क फोर्स ने तेलंगाना राज्य सहित देशभर में एक संरचित, बहु-स्तरीय राष्ट्रीय कोचिंग मार्ग के कार्यान्वयन की सिफारिश की है, जिसमें जमीनी स्तर, मध्यवर्ती, उत्कृष्टता स्तर तथा राष्ट्रीय टीम कोच सम्मिलित होंगे। इस मार्ग में सामुदायिक कोचों तथा शारीरिक शिक्षा (पीई) शिक्षकों को भी फीडर स्ट्रीम के रूप में एकीकृत किया गया है। प्रस्तावित उपायों में प्रत्येक स्तर पर स्पष्ट रूप से परिभाषित प्रवेश एवं प्रगति मानदंड, पूर्व उत्कृष्ट खिलाड़ियों को कोचिंग में लाने हेतु पूर्व लर्निंग मान्यता (आरपीएल) तंत्र, शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को विद्यालयीय दायित्वों को बाधित किए बिना उनके कौशल उन्नयन हेतु ब्रिज कार्यक्रम तथा एथलीट विकास परिणामों, उन्नत प्रमाणपत्रों एवं मार्गदर्शन से जुड़ी पांच सितारा प्रदर्शन रेटिंग प्रणाली सम्मिलित है, जो उच्च-स्तरीय असाइनमेंट्स एवं प्रोत्साहनों तक पहुँच प्रदान करेगी।

(घ) टास्क फोर्स की सिफारिशों का कार्यान्वयन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में राष्ट्रीय कोच प्रत्यायन बोर्ड (एनसीएबी) की स्थापना तथा एकीकृत पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देने की अल्पकालिक परिकल्पना की गई है जिसके पश्चात लाइसेंसिंग एवं बहु-स्तरीय मार्ग का कार्यान्वयन किया जाएगा।

*****